CBSE Class 12 Hindi Core 2015 - Set 2/1/2

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. यह लघु सरिता का बहता जल
कितना शीतल, कितना निर्मल
हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह विमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल,
तन का चंचल मन का विह्वल
यह लघु सरिता का बहता जल ।
ऊँचे शिखरों से उतर-उतर
गिर-गिर, गिरि की चट्टानों पर,
कंकड़-कंकड़ पैदल चलकर
दिनभर, रजनी-भर, जीवन-भर
धोता वसुधा का अंतस्तल
यह लघु सरिता का बहता जल ।
हिम के पत्थर वो पिघल-पिघल,
बन गए धरा का वारि विमल,
सुख पाता जिससे पथिक विकल
पी-पी कर अंजलि भर मृदुजल
नित जलकर भी कितना शीतल
यह लघु सरिता का बहता जल ।
कितना कोमल कितना वत्सल
रे जननी का वह अंतस्तल,
जिसका यह शीतल करुणाजल
बहता रहता युग-युग अविरल
गंगा, यमुना, सरयू निर्मल
यह लघु सरिता का बहता जल ।

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1(क). वसुधा का अंतस्तल धोने में जल को क्या-क्या करना पड़ता है ?

1(ख). जल की तुलना दूध से क्यों की गई है ?

1(ग). आशय स्पष्ट कीजिए –

'तन का चंचल मन का विह्वल'

1(घ). कवि क्या संदेश दे रहा है ?

1(ङ). 'रे जननी का वह अंतस्तल' में जननी किसे कहा गया है ?

2. सभी मनुष्य स्वभाव से ही साहित्य-स्रष्टा नहीं होते, पर साहित्य-प्रेमी होते हैं । मनुष्य का स्वभाव ही है सुन्दर देखने का । घी का लड्डू टेढ़ा भी मीठा ही होता है, पर मनुष्य गोल बनाकर उसे सुन्दर कर लेता है । मूर्ख-से-मूर्ख हलवाई के यहाँ भी गोल लड्डू ही प्राप्त होता है; लेकिन सुन्दरता को सदा-सर्वदा तलाश करने की शक्ति साधना के द्वारा प्राप्त होती है । उच्छृंखलता और सौन्दर्य-बोध में अन्तर है । बिगड़े दिमाग का युवक परायी बहू-बेटियों के घूरने को भी सौन्दर्य-प्रेम कहा करता है, हालाँकि यह संसार की सर्वाधिक असुन्दर बात है । जैसा कि पहले ही बताया गया है, सुन्दरता सामंजस्य में होती है और सामंजस्य का अर्थ होता है, किसी चीज का बहुत अधिक और किसी का बहुत कम न होना । इसमें संयम की बड़ी ज़रूरत है । इसलिए सौंदर्य-प्रेम में संयम होता है, उच्छृंखलता नहीं । इस विषय में भी साहित्य ही हमारा मार्ग-दर्शक हो सकता है ।

जो आदमी दूसरों के भावों का आदर करना नहीं जानता उसे दूसरे से भी सद्भावना की आशा नहीं करनी चाहिए । मनुष्य कुछ ऐसी जटिलताओं में आ फँसा है कि उसके भावों को ठीक-ठीक पहचानना सब समय सुकर नहीं होता । ऐसी अवस्था में हमें मनीषियों की चिन्ता का सहारा लेना पड़ता है । इस दिशा में साहित्य के अलावा दूसरा उपाय नहीं है । मनुष्य की सर्वोत्तम कृति साहित्य है और उसे मनुष्य पद का अधिकारी बने रहने के लिए साहित्य ही एकमात्र सहारा है । यहाँ साहित्य से हमारा मतलब उसकी सब तरह ही सात्त्विक चिन्ता-धारा से है ।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

2(क). गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

2(ख). साहित्य स्रष्टा और साहित्य प्रेमी से क्या तात्पर्य है ?

2(ग). लड्डू का उदाहरण क्यों दिया गया है ?

2(घ). उच्छृंखलता और सौंदर्य-बोध में क्या अंतर है ?

2(ङ). लेखक ने संसार की सबसे बुरी बात किसे माना है और क्यों ?

2(च). जीवन में संयम की ज़रूरत क्यों है ?

2(छ). हमें विद्वानों के चिन्तन की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

2(ज). उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए – 'उच्छृंखलता'

2(झ). सरल वाक्य में बदलिए –

सभी मनुष्य स्वभाव से ही साहित्य-स्रष्टा नहीं होते, पर साहित्य प्रेमी होते हैं ।

Section ख

3(क). नीचे दिये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए :

लोकतंत्र और चुनाव

3(ख). नीचे दिये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए :

साहित्य और समाज

3(ग). नीचे दिये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए :

गरीबी की समस्या और स्वच्छता

3(घ). नीचे दिये विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए :

बढ़ती जनसंख्या घटते संसाधन

4. गाँवों में अन्न, सब्जियाँ आदि उगाने वाले किसान को पर्याप्त मूल्य न मिलने से गाँव पर पड़ने वाले प्रभाव की ओर देश का ध्यान दिलाते हुए किसी दैनिक समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

OR

4. 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना' से जरूरतमंदों तक योजना का पर्याप्त लाभ नहीं पहुँच पाने पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने क्षेत्र के संसद सदस्य को पत्र लिखिए ।

5(क). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

संचार के किन्हीं दो माध्यमों का उल्लेख कीजिए ।

5(ख). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

आजादी से पहले की किन्हीं दो पत्रिकाओं का नाम लिखिए ।

5(ग). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

'प्रिंट माध्यम' से क्या आशय है ?

5(घ). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

संपादन का क्या अर्थ है ?

5(ङ). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

'स्टिंग ऑपरेशन' से क्या अभिप्राय है ?

6. 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर आधारित एक रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

OR

6. 'स्वच्छ भारत अभियान' पर आधारित एक रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

7. 'शिक्षा की आवश्यकता' विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

OR

7. 'सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक' विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

Section ग

8. आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों में झुलाती है उसे गोद-भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है
गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी ।

नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

8(क). काव्यांश में प्रयुक्त छंद एवं उसकी भाषा का नाम लिखिए ।

8(ख). पंक्ति में निहित अलंकार तथा रस का नाम लिखिए ।

8(ग). कविता का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

OR

8. जथा पंख बिनु खग अति दीना । मनि बिनु फनि करिवर कर हीना ।।
अस मम जीवन बंधु बिनु तोही । जौ जड़ दैव जिआवै मोही ।।

OR

8(क). कविता का भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

OR

8(ख). काव्यांश की भाषा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

OR

8(ग). प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए तथा उदाहरण भी बताइए ।

9. सबसे तेज़ बौछारें गयीं भादो गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज़ चलाते हुए
घंटी बजाते हुए ज़ोर-ज़ोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए ।

प्रस्तुत काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

9(क). शरद ऋतु कब और कैसे आती है ?

9(ख). सवेरे की तुलना किससे की गई है और क्यों ?

9(ग). 'चमकीले इशारों' में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए ।

9(घ). 'आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए' – से कवि का क्या तात्पर्य है ?

OR

9. छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज़ का एक पन्ना
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया ।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया नि:शेष;
शब्द के अंकुर फूटे
पल्लव पुष्पों से नमित हुआ विशेष ।

OR

9(क). कवि खेत किसे मानता है और क्यों ?

OR

9(ख). 'अंधड़' से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए ।

OR

9(ग). 'शब्द के अंकुर फूटे' में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए ।

OR

9(घ). पल्लव, पुष्पों का उल्लेख यहाँ क्यों किया गया है ?

10(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ? 'बच्चन' की कविता के आधार पर लिखिए ।

10(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'उषा' कविता में कवि ने किस प्रकार गाँव की गतिशीलता का वर्णन किया है ?

10(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'भाषा को सहूलियत' से बरतने से कवि का क्या अभिप्राय है ?

11(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी ? भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया होगा ?

11(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बाजार का जादू से क्या आशय है ? उसके चढ़ने और उतरने का मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता है ?

11(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ? समीक्षा कीजिए ।

11(घ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ?

11(ङ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों माना है ?

12. प्लेटफॉर्म पर उसके बहुत से दोस्त, भाई, रिश्तेदार थे । हसरत भरी नज़रों, बहते हुए आँसुओं, ठंडी साँसों और भिंचे हुए होठों को बीच में से काटती हुई रेल सरहद की तरफ़ बढ़ी । अटारी में पाकिस्तानी पुलिस उतरी, हिन्दुस्तानी पुलिस सवार हुई । कुछ समझ में नहीं आता था कि कहाँ लाहौर खत्म हुआ और किस जगह से अमृतसर शुरू हो गया । एक जमीन थी, एक जबान थी, एक-सी सूरतें और लिबास, एक-सा लबोलहज़ा और अंदाज़ थे, गालियाँ भी एक ही सी थीं जिनसे दोनों बड़े प्यार से एक-दूसरे को नवाज़ रहे थे । बस मुश्किल सिर्फ इतनी थी कि भरी हुई बंदूकें दोनों के हाथों में थीं ।

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

12(क). सफिया की रेल जब सरहद की तरफ बढ़ी तब उसकी मन:स्थिति कैसी थी ?

12(ख). 'अटारी' स्टेशन के महत्त्व को रेखांकित कीजिए ।

12(ग). लाहौर और अमृतसर की दूरी समझ से परे कैसे थी ?

12(घ). 'दोनों ओर भरी हुई बंदूकें थीं' – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

OR

12. भारतीय कला और सौन्दर्य शास्त्र को कई रसों का पता है, उनमें से कुछ रसों का किसी कलाकृति में साथ-साथ पाया जाना श्रेयस्कर भी माना गया है, जीवन में हर्ष और विषाद आते-जाते रहते हैं । यह संसार की सारी सांस्कृतिक परंपराओं को मालूम है, लेकिन करुणा का हास्य में बदल जाना एक ऐसे रस सिद्धांत की माँग करता है जो भारतीय परंपराओं में नहीं मिलता । 'रामायण' तथा 'महाभारत' में जो हास्य है वह 'दूसरों' पर है और अधिकांशत: वह पर-संताप से प्रेरित है । जो करुणा है वह अकसर सद्व्यक्तियों के लिए और कभी-कभार दुष्टों के लिए है ।

OR

12(क). कलाकृति में रसों के होने से क्या अभिप्राय है ?

OR

12(ख). 'जीवन में हर्ष और विषाद आते रहते हैं' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

OR

12(ग). पर-संताप से प्रेरित होने का क्या अर्थ है ?

OR

12(घ). रस सिद्धांत की कौन सी विशेषता भारतीय परंपरा में नहीं है ? क्यों ?

13. बदलते जीवन-मूल्यों के साथ यशोधर बाबू अपने आप को क्यों नहीं बदल पाते ? उदाहरण और तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

14(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

यशोधर बाबू के चरित्र में बहुत सी विशेषताएँ हैं पर उन्हें अपनाने का मन नहीं करता । उदाहरण देकर समीक्षा कीजिए ।

14(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ऐन की डायरी को ऐतिहासिक महत्त्व का दस्तावेज क्यों कहा जाता है ? उसने अपनी डायरी 'किट्टी' को संबोधित कर क्यों लिखी होगी ?

14(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

स्वयं कविता रच लेने का आत्म-विश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ ? साहित्यिक रुचि जगाने में उसके अध्यापक का क्या योगदान रहा ?

- End of Question Paper -